卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 86 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦3 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ड्यूटी से गायब रहने वाले रोडवेज बस चालकों पर बड़ी कार्रवाई

देहरादून(उद संवाददाता)। रोडवेज बस चालकों के ड्यूटी से गायब रहने पर रोडवेज प्रबंधन सख्त हो गया है। एक और दो जनवरी को अनुपस्थित रहे चालकों की सूची तलब कर परिवहन निगम प्रबंधन ने अवकाश पर रोक लगा दी है। साथ ही अनुपस्थिति रहने वाले चालक–परिचालकों की इस दौरान सर्विस ब्रेक लगा दी गई है। निजी वाहन चालकों की हड़ताल के बीच रोडवेज के महाप्रबंधक (संचालन) दीपक जैन ने निगम के चालकों के लिए आदेश जारी किए हैं। जिसमें बीते 22 दिसंबर से छह माह के लिए एस्मा लागू होने और हड़ताल रोक होने की बात कही गई है। जबकि, देशभर में चल रही निजी



वाहन चालकों की हड़ताल में रोडवेज के बस चालकों व परिचालकों के शामिल होने की भी सूचना मिल रही है। इससे यात्रियों को असुविधा के साथ निगम को राजस्व हानि हो रही है। ऐसे में उन्होंने सभी डिपो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक और दो जनवरी को अनुपस्थित रहे चालकों की सूची मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही निर्देश दिए कि निधारित रूटों पर बस उपलब्ध न कराने वाले अनुबंधित बस स्वामियों के विरुद्ध नियम और अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाए। निगम की बसों के संचालन में किसी बाहरी व्यक्ति की ओर से बाधा उत्पन्न की जाती है, तो पुलिस से सहयोग लिया जाए और संचालन जारी रखा जाए।

## डिवाइडर से भिड़ी बेकाबू कार , तीन लोग गंभीर

लालकुआं (उद संवाददाता)। क्षेत्र में सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं। नैनीताल बरेली हाईवे पर लालकुंआ पुलिस चेक पोस्ट के समीपर बुधवार सुबह एक कार डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें 108 की मदद से अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार बरेली से नैनीताल जा रही कार अनियंत्रित होकर लालकुआं पुलिस चेक पोस्ट के समीप डिवाइडर पर लगे विद्युत खंभे से टकराते सड़क



के दूसरी ओर पहुंच गयी। हादसे में कार चालक सहित दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। अन्य दो लोगों को मामूली चोटें आयी है। कार में सवार सभी लोग बरेली के बताये जा रहे हैं। घायलों को 108 की मदद से हल्द्वानी अस्पताल भेजा गया।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने दो लोगों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। मुखानी पुलिस को लंबे समय से बिठौरिया नंबर 1 के बगीचे में नशेड़ियों के बैठने की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने वहां दबिश देकर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 22 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए युवकों में मोहित काण्डपाल उर्फ मोनू पुत्र नवीन चन्द्र काण्डपाल निवासी गैस गोदाम रोड गायत्री नगरऔर दीपक सिंह कुशवाहा उर्फ गुलशन पुत्र स्व0 बुद्धपाल सिंह कुशवाहा निवासी लाल डाट रोड लिटिल फ्लावर स्कूल के पास थाना मुखानी बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## आढ़ती से 27.30 लाख की ठगी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। माल भिजवाने के नाम पर महाराष्ट्र की एक फर्म ने आढ़ती को लाखों रूपए का चूना लगा दिया। पीड़त ने उक्त फर्म के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तरूण तेजवानी पुत्र एचआर तेजवानी की नवीन मंडी में हरिराम गोविंद राम एंड कंपनी के नाम से फर्म है। पुलिस को दी तहरीर में उसका कहना है कि वह देश की कई फर्मों को ऑर्डर देकर माल मंगवाता है। तहरीर में कहा गया है कि उसने 2019 में महाराष्ट्र की दो फर्मों से टमाटर मंगवाया था लेकिन फर्म ने पूरी पेमेंट भेजने के बाद भी टामाटर भेजने की बात कही। जिस पर उसने फर्म के खाते में 27 लाख 30 हजार रूपए ट्रांसफर्र कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाये 2.62 लाख

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। साइबर ठगों की घटनाएं बढ़ती जा रही है। लोग भी अनजान लोगों की बातों में फंस कर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है जहां साइबर ठग ने एक व्यक्ति के खाते से लाखों रूपए की नगदी निकाल ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पीलीकोठी निवासी विनोद धामी पुत्र होशियत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पास 22 दिसंबर को एक एक फोन आया था जिसमें फोन करने वाले खुद को आईसीआईसीआई बैंक का कर्मचारी बताया। उसने बताया कि उसक क्रेडिकट कार्ड का चार्ज बना है जिसे हटाने कार्ड लाइफ (शेष पृष्ठ सात पर)

## डेढ़ किलो चरस सहित अन्तर्राज्यीय तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक अन्तर्राज्यीय चरस तस्कर को भारी मात्रा में अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर पिछले कई वर्षों से चरस तस्करी में लिप्त बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार के दिशा निर्देशन पर एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरुप के



नेतृत्व में एएनटीएफ टीम द्वारा कल रात्रि जनपद नैनीताल के थाना खन्सयु क्षेत्रअंतर्गत एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को सिमलिया बैंड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 किलो 534 ग्राम अवैध चरस बरामद की गयी। पूछताछ में उसने अपना नाम पता राजेंद्र मेवाड़ी उर्फ राजू पुत्र स्वर्गीय देव सिंह मेवाड़ी निवासी ग्राम कालाआगर थाना खन्सयु जनपद नैनीताल बताया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## लहूलुहान हालत में मिला वृद्धा का शव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम लालपुर में राष्ट्रीय मार्ग पर एक वृद्धा का लहूलुहान हालत में शव पड़ा पाया देखा गया। मामले की सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी जिला चिकित्सालय पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार बुधवार प्रातः करीब 6 बजे निकटवर्ती ग्राम लालपुर में मुख्य मार्ग के किनारे पेट्रोल पम्प के पास लोगों ने करीब 75 वर्षीय वृद्धा को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलने पर वृद्धा को गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि मृतका की शिनाख्त कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। सम्भवतः वह ग्राम लालपुर क्षेत्र की ही निवासी है।

## हादसे में घायल युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक सप्ताह पूर्व ग्राम चुकटी देवरिया में



संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने के खेत में गंभीर रूप से घायलावस्था में मिले युवक ने मध्य रात्रि सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में उपचार क दौरान दम तोड़ दिया। जबकि उसके साथी का यहां एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार आजादनगर किच्छा निवासी 30 वर्षीय रिंकू पुत्र स्व. दिनेश तथा उसका साथी ग्राम अकराबाद बहेड़ी निवासी राजेश गत 26 दिसम्बर की रात्रि ग्राम चुकटी (शेष पृष्ठ सात पर)

## पाटल और फावड़े से दंपत्ति पर किया हमला

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गडरिया बाग में तीन युवकों ने पाटल और फावड़े से हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया । घायल की पत्नी की ओर से स्थानीय कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। घायल की पत्नी गोमा सिंह ने कोतवाली में दी गई तहरीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह एवं उसके पति अपने घर पर काम कर रहे थे कि तभी तीन युवक सतपाल,आकाश और बलवीर वहां पर आए तथा पाटल से उसके पति वीरेंद्र सिंह पर हमला बोल दिया तथा गंभीर रूप से घायल कर दिया जब वह अपने पति को बचाने आई तो हमलावरों ने उसे पर भी फावड़े से हमला करके घायल कर दिया। लोगों के आ जाने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेपर मिलकर्मी के घर अज्ञात चोरों का धावा

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में पेपर मिल कर्मी के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों की नगरी समेत गैस सिलेंडर आदि जरूरी सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी चीमा पेपर(शेष पृष्ठ सात पर)



# पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के बीच तीखी बहस,चिट्ठी फाड़ी





## अपने ही सरकार के मंत्री के खिलाफ समर्थकों के साथ धरने पर बैठे विधायक,वन विभाग को ईस्ट इंडिया कंपनी बनाने का आरोप

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी जिले के दो अलग–अलग वन प्रभागों में तैनात डीएफओ दंपती को हटवाने की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और भाजपा के पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल के बीच तीखी बहस हो गई। बात यहां तक बढ़ गई कि जिस कागज पर वन मंत्री ने जांच के आदेश दिए थे, विधायक ने मंत्री के सामने ही वह कागज फाड़कर हवा में उछाल दिया। इसके बाद अपने समर्थकों के साथ मंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। देर शाम विधायक मुख्यमंत्री से मिले और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। उत्तरकाशी जिले के तहत यमुना घाटी के गोविंद वन्यजीव विहार एवं राष्ट्रीय पार्क और अपर यमुना टौंस वन प्रभाग में डीएफओ दंपती कार्यरत हैं। विधायक दुर्गेश्वर लाल का आरोप है कि दोनों डीएफओ जानबूझकर उनके लोगों को परेशान कर रहे हैं। विकास के कार्यों पर जानबूझकर अड़ंगा लगा रहे हैं। टूर ऑपरेटरों को भी परेशान किया जा रहा है। उनके लोगों पर मुकदमा दर्ज कराए जा रहे हैं। इसी बात की शिकायत लेकर पुरोला विधायक मंगलवार सुबह कुछ लोगों के साथ वन मंत्री सुबोध उनियाल के आवास पर पहुंचे। उन्होंने वन मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। वन मंत्री ने प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) अनूप मलिक को भी मौके पर बुला लिया। वन मंत्री ने विधायक के ज्ञापन पर ही प्रकरण की जांच के लिए सीसीएफ गढ़वाल को लिख कर हॉफ को सौंप दिया। यह देख विधायक ने मंत्री के सामने ही हॉफ के हाथों से आदेश का कागज छीनकर फाड़ दिया। इसके बाद सभी नारेबाजी करते हुए बाहर आ गए और मंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। विधायक ने कहा वन मंत्री सुबोध उनियाल ने वन विभाग को ईस्ट इंडिया कंपनी बना दिया है। जहां उनकी मनमर्जी चलती है। उनके क्षेत्र में विकास के जितने भी कार्य हो रहे थे, डीएफओ ने जांच के नाम पर सब बंद करा दिए हैं। जल जीवन मिशन तक के काम रुकवा दिए हैं। मंत्री ने भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा के साथ भी फोन पर बदतमीजी से बात की थी। वहीं दूसरी तरफ अब अपनी ही सरकार के वन मंत्री सुबोध उनियाल के खिलाफ भाजपा विधायक दुर्गेश्वर लाल का धरना देना भाजपा प्रदेश नेतृत्व को नहीं सुहाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा विधायक और वन मंत्री को शालीनता से अपनी बात रखने की हिदायत दी है। उन्होंने दोनों नेताओं से फोन पर बातचीत में ताकीद किया कि उन्हें ऐसे किसी भी विवादित आचरण से बचना चाहिए, जो मीडिया की सुर्खी बनें और विपक्ष को बेजां सवाल उठाने का बहाना मिल जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक को तलब कर लिया है। इस बीच मुख्यमंत्री धामी तक विवाद पहुंच गया है। सूत्रों के मुताबिक, सीएम ने पार्टी के दोनों नेताओं को विवाद से बचने की सलाह दी।

## विधायक दुर्गेश्वर ने जताया खेद मंत्री सुबोध को बताया पिता तुल्य

देहरादून (उद संवाददाता)। विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के सामने किए गए व्यवहार के लिए खेद व्यक्त किया है। उन्होंने मंत्री सुबोध उनियाल को पिता तुल्य बताते हुए कहा कि यह परिवार का मसला है। विवाद के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी विधायक को तलब किया। अध्यक्ष ने कहा मामले का समाधान किया जाएगा। बता दें उत्तरकाशी जिले के दो अलग–अलग वन प्रभागों में तैनात डीएफओ दंपती को हटवाने की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और भाजपा के पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल के बीच तीखी बहस हो गई। बात यहां तक बढ़ गई कि जिस कागज पर वन मंत्री ने जांच के आदेश दिए थे, विधायक ने मंत्री के सामने ही वह कागज फाड़कर हवा में उछाल दिया। इसके बाद अपने समर्थकों के साथ मंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। देर शाम विधायक मुख्यमंत्री से मिले और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा विधायक और वन मंत्री को शालीनता से अपनी बात रखने की हिदायत दी। जिसके बाद बुध वार को विधायक दुर्गेश्वर लाल ने अपने व्यवहार पर खेद जताया है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए सात को दून में जुटेंगे भाजपा के दिग्गज

देहरादून। लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए सात जनवरी को पार्टी के सभी बड़े दिग्गज जुटेंगे। इसमें लोकसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए दिशा तय की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी कांत वाजपेयी, पार्टी प्रभारी दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री व सांसद शामिल होंगे। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण बैठक है। जिसमें 2024 लोकसभा चुनाव की सभी पांच सीटों को 75 फीसदी मतों के साथ जीतने के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर चर्चा होगी। इसमें केंद्र एवं राज्य के नेताओं के प्रवास तय होंगे। साथ ही स्टार प्रचारकों एवं सांगठनिक पदाधिकारियों की रैली कार्यक्रम भी बनाए जाएंगे। क्षेत्र समाज एवं वर्ग विशेष के प्रतिनिधियों को आमंत्रण अथवा स्थानीय एवं राष्ट्रीय चुनावी मुद्दों का चयन को लेकर भी मंथन होगा। भट्ट के मुताबिक, बैठक में प्रदेश के सभी मंत्रियों, सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं सभी सांसदों समेत प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इन तमाम बिंदुओं को लेकर सभी से विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी एवं उनसे सुझाव लिए जाएंगे। बैठक के निष्कर्षों का लोकसभा चुनावों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## हाईकोर्ट ने दिए स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी को केंद्र से पेंशन देने के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के पेंशन विभाग को निर्देश दिए हैं कि स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी को उनके पति की मृत्यु के अगले दिन से संपूर्ण पेंशन का भुगतान छह फीसदी वार्षिक ब्याज की दर किया जाए। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार रुक्मणी देवी पत्नी स्व.बख्तावर सिंह (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उनके पति को 1972 से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन मिलती थी जो केंद्र सरकार द्वारा 26 हजार और राज्य सरकार द्वारा 21 हजार रुपये दी जा रही थी। 1 मई 2021 को उनके पति का निधन हो गया। उनके निधन के अगले दिन से ही राज्य सरकार की पेंशन उन्हें मिली किन्तु केंद्र सरकार की पेंशन नहीं मिली। दिसंबर 2021 में उन्होंने इस मामले में केंद्रीय पेंशन विभाग को प्रत्यावेदन दिया। फिर भी उन्हें पेंशन नहीं दी गई। याचिका की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि रुक्मणी देवी की पेंशन स्वीकृत कर दी गई है, जो उनके द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन की तिथि से लागू है। याची की ओर से इस तथ्य को अवैध ानिक बताते हुए स्वतंत्रता सेनानी की मृत्यु के अगले दिन से पेंशन देने की मांग की गई। दिए जाने की नियमावली कोर्ट को दी, जिसके बाद कोर्ट ने केंद्रीय पेंशन विभाग को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बख्तावर सिंह की मृत्यु के अगले दिन से उनकी पत्नी को सम्पूर्ण पेंशन का भुगतान छह फीसदी ब्याज सहित करने के निर्देश दिए हैं।

## मां से अवैध संबंधों के चलते कर दी बेटे की हत्या

### यश हत्याकाण्ड का पुलिस ने किया खुलासा

देहरादून (उद संवाददाता)। कनखल थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोर की हुई हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के किशोर की मां से अवैध संबंध थे, जिसका विरोध करने पर उसने योजना बनाकर किशोर को मौत के घाट उतारा। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि एक जनवरी की दोपहर बैरागी कैंप में गंगा किनारे 17 वर्षीय यश उर्फ क्रिश का शव मिला था। सिर में गहरे घाव मिले थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई थी। जांच पड़ताल के बाद मृतक के एक परिचित को हिरासत में लेकर सख्ती



से पूछताछ की गई। उसने कबूल कर लिया कि उसके यश की मां से अवैध संबंध थे और यश इसका विरोध करता था। इसके चलते 31 जनवरी की रात वह उसे शॉपिंग करने के बहाने अपने साथ लेकर गया। फिर उसे शराब पिलाने के बाद कनखल बैरागी कैंप लाकर गला दबाकर हत्या कर दी। सिर पर पत्थरों से वार किया और शव को गंगा किनारे फेंक कर फरार हो गया था। अगले दिन आरोपी ने खुद ही शव गंगा से बरामद करवाते हुए परिजनों को जानकारी दी थी। जिससे उस पर किसी को संदेह न हो सके। आरोपी महिला का रिश्ते में भतीजा है। एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। हत्या में अन्य आरोपियों की भी भूमिका तो नहीं, इसको लेकर भी जांच चल रही है।

# न तो अधिसूचना जारी हुई है और न ही वह लागू हुआ तो हड़ताल क्यों?

## उत्तराखंड में सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी ने परिवहन संघों की बैठक बुलाई पेट्रोलियम कम्पनियों के प्रबन्धकों को आपूर्ति निर्वाध बनाए रखने के निर्देश दिये

देहरादून(उद संवाददाता)। हिट एंड रन केस के खिलाफ जारी वाहन चालकों की हडताल से हड़कंप मचा हुआ है। वहीं मंगलवार को सचिव, परिवहन श्री अरविन्द सिंह ह्याँकी द्वारा प्रदेश में परिवहन व्यवसायियों द्वारा की जा रही हड़ताल के सम्बन्ध में परिवहन संघों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव, परिवहन द्वारा पेट्रोल, डीजल, गैस, तेल इत्यादि की कम्पनियों के प्रबन्धकों को आपूर्ति निर्वाध बनाए रखने के निर्देश दिये गए। सचिव, परिवहन ने समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि जो परिवहन व्यवसायी अपने वाहन का संचालन करना चाहते हैं उन्हें आवश्यकतानुसार पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए। सचिव, परिवहन श्री अरविन्द सिंह ह्याँकी ने परिवहन व्यवसायियों को बताया कि भारतीय न्याय संहिता के प्रश्नगत प्रस्ताव विषयक अभी न तो अधिसूचना जारी हुई है और न ही उसे लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून पर परिवहन व्यवसायी अथवा चालक अपनी आपत्ति कानून के दायरे में रहते हुए प्रतीकात्मक तरीके से रख सकते हैं जिसे



भारत सरकार तक शीघ्र पहुँचाया जाएगा। देशभर में मोटर वाहनों के हिट एंड रन संबंधी कानून पर चल रहे चक्काजाम के दूसरे दिन शासन से परिवहन संघों की वार्ता बेनतीजा रही। हांलाकि रोडवेज सहित कुछ संगठन तो मान गए हैं लेकिन ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने बुध वार को चक्काजाम को समर्थन का एलान किया है। उधर सचिव परिवहन ने वैकल्पिक व्यवस्था करने के साथ ही संचालन करने वालों को सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। मोटर वाहन के हिट एंड रन कानून के विरोध में प्रदेशभर में दूसरे दिन भी रोडवेज बस से लेकर ट्रक, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने वाले वाहनों का संचालन प्रभावित रहा। इस बीच सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी ने परिवहन संघों की बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने बताया कि मोटर दुर्घटना में कानून में जिस सजा के विरोध में हड़ताल हो रही है, इसकी न तो अधि सूचना जारी हुई है और न ही वह लागू हुआ है। उन्होंने परिवहन संघों के पदाधि कारियों से आह्वान किया कि वे अपनी बात कानून सम्मत तरीके से पहुंचाएं, जिसे केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। परिवहन व्यावसाय जनसरोकारों से जुड़ा हुआ है, जिससे न केवल आमजन को परेशानी होती है बल्कि आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। परिवहन संघों का कहना था कि इस कानून में 10 साल की सजा 5 लाख अर्थदंड का प्रावध ान किया गया है, जो न्यायसंगत नहीं है। कोई भी चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता। उन्होंने ये भी कहा कि दुर्घटनाएं खराब सड़क, चौहारों का उपयुक्त न होना, निजी वाहन चालकों के अप्रशिक्षित होने की वजह से भी होती हैं। इस बात पर चिंता भी जताई कि अगर कोई चालक दुर्घटना के बाद वहीं रुकेगा तो भीड़ की हिंसा का शिकार हो सकता है। बैठक में परिवहन निगम कर्मचारी परिषद ने संचालन को हामी भरी। कुछ विक्रम, सिटी बस, ऑटो चालक भी तैयार हुए लेकिन ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने इनकार कर दिया। संगठन के प्रदेश महासचिव आदेश सैनी सम्राट ने कहा कि बुधवार को होने वाले चक्काजाम में सभी संगठन शामिल होंगे। उनके संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर भी यह निर्णय ले लिया है। बैठक में सीएम के सचिव व गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, डीआईजी पी रेणुका देवी, परिवहन निगम के एमडी आनंद श्रीवास्तव, संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह, एसएसपी अजय सिंह के अलावा विभिन्न परिवहन संघों की ओर से सूर्यकांत ध स्माना, जितेंद्र सिंह नेगी, अनुसूइया प्रसाद उनियाल, आदर्श सैनी सम्राट, हरेंद्र बालियान, सुधीर राय, मनोज ध्यानी, दिनेश बहुगुणा, अशोक चौधरी, दिनेश पंत आदि संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। बैइक में उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी परिषद, टीजीएमओयू, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्टकांग्रेस, देवभूमि ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन, उत्तराखंड परिवहन महासंघ, यातायात कंपनी ऋषिकेश, गढ़वाल ट्रक यूनियन, उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी यूनियन, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद आदि संगठन शामिल हुए।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

## महाविद्यालय शिक्षकों की नियुक्ति को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्रसंघ कॉलेज की छात्रा उपाध्यक्ष शिवानी शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा के मध्यम उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें शिवानी ने बताया कि सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 8 हजार छात्र छात्रायें शिक्षा ग्रहण करते है और महाविद्यालय में सिर्फ 51 अध्यापक हैं। छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए अध्यापकों की संख्या बढ़ाई जाए। जिससे छात्र छात्राओं के पठन पाठन में कोई समस्या नहीं आ सके। शिवानी शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में सांख्यिकी विभाग में पिछले 5 वर्ष से अध्यापक नहीं है जिस कारण महाविद्यालय में सांख्यिकी विभाग से कई वर्षों से समस्या चली आ रही है। गत वर्षो से छात्र संघ ने इस संदर्भ में शासन एवं प्रशासन को कई ज्ञापन दिए और प्राचार्य द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को कई बार लेटर भी गया परंतु इस संज्ञान एवं विषय में किसी ने कोई अभिरुचि दायर नहीं की। शिवानी शर्मा ने बताया कि लगभग 9 या 10 वर्षों से इस कॉलेज में एक पुस्तकालय अध्यक्ष नहीं है जिस कारण छात्राओं के समक्ष कई समस्या आती हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने विश्वास दिलाया कि इन समस्याओं का समाधान शासन द्वारा कराया जाएगा। इस दौरान शुभम ठाकुर, रजत बिष्ट, यश दीवान, नागेंद्र गंगवार जसवीर गंगवार, रोहित पाठक सहित कई छात्र मौजूद रहे।



## दुकान चलाने वालों से कायस्थ समाज को होना चाहिए सावधान: मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर( उद संवाददाता)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीकृत दिल्ली के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के लोगों को वर्ष 2024 की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने संदेश में कहा कि कायस्थ बंधुओं कोअपने हितों के लिए अपनी मजबूती के लिए सजग हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने ही समाज से जुड़े कुछ लोग दुकान चलाने के लिए कथित तौर पर संगठन की आड़ लेकर समाज को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ ऐसे भी कायस्थ समाज से जुड़े संगठन और सभाएं हैं जिन्होंने आज तक जरूरतमंद कायस्थ परिवारों के उत्थान के लिए कुछ भी नहीं किया। वह विशुद्ध रूप से सरकार और समाज को सेवा के नाम पर गुमराह कर रहे हैं। अनुदान में मिली राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीकृत दिल्ली के राष्ट्रीय



अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र नाथ श्रीवास्तव उत्तराखंड के कायस्थ समाज को एकजुट करने के लिए मीडिया से रूबरू होंगे। जरूरतमंद कायस्थ परिवारों की बाकायदा सूची तैयार की जाएगी और शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में निर्धन परिवारों के उत्थान हेतु मजबूत कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर कायस्थ परिवार की कन्याओं के विवाह की भी सारी जिम्मेदारी संगठन की होगी। प्रदेश अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे लोग जो सभा और संगठन के नाम पर भेदभाव की राजनीति कर रहे हैं उन्हें बेनकाब करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीकृत दिल्ली के द्वारा समुचित प्रदेश भर में सघन तरीके से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा समूचे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपना परचम लहरा रही है।

## पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 2023-24 पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण पंचायत विकास योजना एवं थीम आधारित नियोजन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम सूरजपुर नंबर 1 के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मैं आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी लखविंदर सिंह द्वारा करवाया गया मास्टर ट्रेनर दर्शन सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड कार्यदायी संस्था ग्रामीण विकास एवं शोध संस्था सितारगंज द्वारा आयोजित किया गया है प्रभारी डी एन सिंह के दिशा निर्देशन में आजीविका, बाल हितैषी, गरीबी उन्मूलन, महिला हितैषी, स्वस्थ गांव ,जल पर्याप्त गांव, सतत विकास लक्ष्यों पर जानकारी दी गई । पहले दिन के कार्यक्रम का



शुभारंभ समाजसेवी लक्खा सिंह और राकेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि द्वारा करवाया गया । मास्टर ट्रेनर दर्शन सिंह,नरोत्तम सिंह ,शिव कुमार के अलावा आंगनवाडी एवं आशा कार्यकर्ता कुसुम रानी,परमजीत कौर,अनीता रानी,अंजू रानी,सुनीता,हरजिंदर कौर,अमन कौर,सोनिया,पूजा,कुसुम रानी, धर्मावती,सुमन, सरस्वती,करनैल सिंह,रविंदर प्रसाद आदि मौजूद रहे ।

## तीन किलो चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

चंपावत( उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत कार्यवाही करते हुए जनपद पुलिस की एसओजी टीम ने 3 किलोग्राम से ज्यादा चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार प्रदेश को आगामी बर्ष 2025 तक नशा मुक्ति करने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत जनपद के पाटी ब्लॉक के देवीधूरा क्षेत्र के अंतर्गत ढोली गांव रोड से एसओजी प्रभारी मनीष खत्री के नेतृत्व में एसओजी एवं एएनटीएफ की टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त दीवान गिरी निवासी ग्राम चकडिया थाना पाटी को कुल 3 किलो 17 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की ध



ाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ से ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त स्वयं गंभीर रूप से बीमार है और अपनी आजीविका के लिए चरस तस्करों के लिए कोरियर का कार्य करता है। अभियुक्त से प्राप्त जानकारी के आधार पर उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। जनपद में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## धूमधाम से निकली श्री राम अक्षत वितरण कलश यात्रा

सितारगंज( उद संवाददाता)। नगर में पहुंचे श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से आए धर्माचार्य एवं पूज्य संतों द्वारा पूजित अक्षत कलश सितारगंज नगर के रामलीला मैदान में वितरित कर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से आए धर्माचार्य एवं पूज्य संतों द्वारा पूजित अक्षत कलश पहुंचने पर नगर की धर्म प्रेमी जनता श्री राम लीला मैदान में एकत्रित हुई और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। श्री राम लीला मैदान से नगर के नकुलिया चौक तक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में भगवान श्री राम के कलश को रथों के माध्यम से नगर में भ्रमण कराया गया। अभियान नगर संयोजक आशीष पांडेय ने बताया कि नगर को 8 बस्तियों में विभाजित कर प्रत्येक बस्ती की टोलिया बनाई गई हैं जिससे कि कलश में जो अक्षत अयोध्या नगरी से आए हुए है इन्हें हिन्दू परिवारों में वितरित कर राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही अक्षत वितरण के दौरान सभी से यह भी निवेदन किया जाएगा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी अपने आस पास के मंदिरों, गुरुद्वारों, और धर्मशालाओं में एकत्रित होकर सुंदर काण्ड,हनुमान चालीसा आदि का पाठ कर हर घर में दीप जलाएं। कलश यात्रा कार्यक्रम में आरएसएस तहसील प्रचारक ऋषभ, नगर कार्यवाह मुकेश श्रीवास्तव,यात्रा संयोजक आशीष पांडेय, सह संयोजक विनय गुप्ता, राकेश त्यागी, विजय सलूजा, नवीन, मोहन, हुकुम चंद,मयंक,अजय भगत, संतोष मिश्रा,उमा शंकर दुबे, सुमन राय, राधे श्याम, संगीता जोशी,योगिता छेत्री, सीमा गर्ग,अमित रस्तोगी,रूपल अग्रवाल, ललित रस्तोगी,ललित जोशी, संजय गोयल,महेश मित्तल,उमेश अग्रवाल, अनिल गर्ग,दीपक गुप्ता,रवि रस्तोगी, सतीश,नवीन भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## शीत लहर और गलन से जन जीवन हुआ प्रभावित

सितारगंज( उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड, शीत लहर और गलन के चलते सितारगंज में मंगलवार सुबह जनजीवन प्रभावित रहा। ठंड से बचने के लिए लोग बाहर कम ही निकले। सितारगंज नानकमत्ता शक्तिफार्म आदि क्षेत्रों में तड़के से ही घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते सुबह 10 बजे तक सड़कों पर गुजर रहे वाहन चालकों को लाइट जलानी पड़ी। दोपहर बाद हल्की धूप खिली, लेकिन ठंड से राहत नहीं मिली। नगर पालिका की ओर सितारगंज नगर में अलाव की व्यवस्था की गई सितारगंज में कड़ाके की ठंड से राहत नहीं मिल सकी, बल्कि मंगलवार को शीतलहर का प्रकोप और बढ़ गया। सुबह तड़के से ही घना कोहरा छाया रहा। कड़ाके की ठंड के कारण बाजार क्षेत्रों में भी सुनसानी रही। दुकानदार ग्राहकों की बाट जोहते नजर आए। ठंड के चलते लोग सिर्फ जरूरी कामों से ही बाहर निकले। अधिकांश लोग घरों में ही रहे। कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित रहा।

## युवक ने पत्नी से वीडियोकॉल करते हुए खुद को गोली मारकर किया सुसाईड

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक युवक ने पत्नी से वीडियोकॉल पर बात करते समय



तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजन और पड़ोसियों ने युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अंदेशा है कि पत्नी से किसी विवाद के बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठाया होगा। समीर अधिकारी (40) ट्रांजिट कैंप के शिवनगर में अपने परिवार के साथ रहता था। उसका स्वयं का व्यवसाय था। सोमवार को पत्नी मीनू दो बच्चों दीपंग और साक्षी के साथ आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी स्थित अपने मायके चली गई थी। मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे समीर घर की दूसरी मंजिल में बने स्टोर रूम में गया और दरवाजा बंद कर तमंचे से सिर पर गोली मार दी। पड़ोस में रहने वाले समीर के बड़े भाई रविंद्र अधिकारी ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर वह और परिजन स्टोर रूम पहुंचे। उन्होंने बंद दरवाजे को तोड़कर भीतर दाखिल हुए तो समीर लहूलुहान पड़ा था। रविंद्र ने बताया कि भाई ने खुद को गोली क्यों मारी, इसकी जानकारी नहीं है। उसका परिवार में किसी से कोई मनमुटाव नहीं था। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल से बरामद तमंचे के साथ ही खोखे पर उसका नाम लिखा हुआ था। एसपी सिटी मनोज कत्याल का कहना है कि मोबाइल हिस्ट्री से पता चला है कि घटना के समय समीर अपनी पत्नी से वीडियोकॉल पर बात कर रहा था। मृतक की पत्नी से इस संबंध में पूछताछ की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

### सूचना

मेरे सीबीएसई बोर्ड से जारी हाई स्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 5312497 व इंटरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 5908229 के मार्कशीट में भूलवश पिता का नाम नरेश शर्मा दर्ज हो गया है जबकि पिता का वास्तविक नाम नरेश कुमार शर्मा है जिसे मेरे इंटरमीडिएट व हाई स्कूल की मार्कशीट में सही कर दर्ज कर दिया जाए निकुंज शर्मा पुत्र नरेश कुमार शर्मा एलआईजी 230/2 आवास विकास रूद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड।

# आ जाओ घाटे वाले तेरा लाल है पुकारे

## नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला शृंगार, छप्पन भोग, विशाल भंडारा एवं भव्य श्री बालाजी दरबार सजाया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधि वत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, हरिचरण सिंह ने आ जाओ घाटे वाले तेरा लाल है पुकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने घाटे वाले तेरा शुक्रिया, विशाल मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम, गोविंद ग्रोवर ने मेरा बाबा मेरे साथ है, सुनील कुमार ने राम का ऐसा दीवाना दूसरा कोई नहीं, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा का चोला चमके, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे , सुधीर अरोड़ा ने बाबा ये तेरा दरबार करता सबका बेड़ा पार, गगन वाधवा ने तुमने ही बुलाया हैं, विक्की मारवाह ने किस्मत का खोल देते ताला जी, प्रदीप यादव ने कोई दे ना सहारा दे, हरीश ठुकराल ने मनवा हो जा दीवाना रे, श्याम कालरा ने राम जी की सेना चली, रोहन भटनागर ने बाबा इतनी कृपा बनाए रखना, मदन लाल खन्ना ने खोल दया के द्वार, अंकित गगनेजा ने फुल्ला दा बनाया तेरा हार बालाजी, विपुल कुमार ने मेरी आशा ना तोड़ो बालाजी, अंकुर भटनागर ने देखकर दरबार तेरा दिल दीवाना हो गया भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, अमित आनंद, खैरात कुमार, अर्जुन गुप्ता, यशपाल अरोड़ा, मनीष छाबड़ा, तरुण ग्रोवर, सतीश सागर, रवींद्र चौहान, हेमराज सिंह, शिव कुमार, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टु अरोरा, सौरभ अग्रवाल, विशाल मदान, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, अजय जायसवाल, पवन कुमार, वैभव गगनेजा, कृष्ण छाबड़ा, नितिन रस्तोगी, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, सुभाष गोयल, ललित गोयल, सुमित बब्बर, अंश अरोरा, भारत शर्मा, केवल पाठक, अनटू रस्तोगी, रवींद्र चौहान, मोहित नारंग, अमित आनंद, विजय गंगवार, विजय ग्रोवर, अशोक कालरा, डॉक्टर अजय सिंह, रोचक अरोड़ा, आयुष अरोड़ा, उज्ज्वल अरोड़ा, पवन खेड़ा, सोनू कक्के, जतिन पांडेय, सौरभ विश्वास, अमन श्रीवास्तव, रवि गगनेजा, मयंक बंसल, सुलभ शर्मा, राजकुमार जैन, हरीश साहनी, आकाश आहूजा, अमित अग्रवाल, मनीष गोयल एवं गौरव अग्रवाल आदि हजारो भक्त मौजूद थे।







# श्रीमद भागवत कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया बखान

नैनीताल(उद संवाददाता)। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के छठे दिन कथा व्यास भगवती प्रसाद जोशी ने कथा का शुभारंभ -गणपति वन्दना - गाईये गणपति जग वंदन शंकर सुवन भवानी के नन्दन ,व मधुराषटकम -अधरं मधुरं वदनं मधुरं ,नयनं मधुरं हसितं मधुरं तथा ओम नमो वासुदेवाय नमः भजन को गाकर किया। उन्होंने कहा कि हरि अनन्त हरि कथा अनंता है । आज उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण कि लीलाओं की विस्तार पहले उन्हें जो अनुभूति हो रही है उसे श्रृद्धालु भक्तो के समक्ष सांझा किया कि नैनीताल के बहाने जल के महत्व पर तथा भविष्य में जल के सकंट व पानी की समस्या व उसके महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी , श्रीकृष्ण की लीलाओं से आरम्भ किया जिसमें कुबजा के उद्धार,कंस वध, उद्धव श्री कृष्ण प्रसंग, जरासंध जो कंस का साला था उसका बलराम द्वारा वध तथा रुक्मिणी से श्रीकृष्ण का पहला विवाह,दूसरा विवाह पृथ्वी से,तीसरा विवाह जामवंती से भगवान श्रीकृष्ण के कुल 16108विवाहो की जानकारी व शिशुपाल वध,बाल सखा सुदामा चरित्र तथा यदुवंशी को किस प्रकार श्राप मिला तथा वो किस प्रकार नष्ट हुए इस कथा को विस्तार पूर्वक बतलाया। उन्होंने कहा कि-पुरूष बली होत नहीं समय होत बलवान। व्यास भगवती प्रसाद जोशी ने सभी श्रृद्धालु भक्तो से सपरिवार इस प्रसाद को ग्रहण करने व अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया।





# जिला स्तरीय अंडर 14 फुटसल प्रतियोगिता संपन्न

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला फुटसल एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर की ओर से श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में जिला स्तरीय अंडर 14 बालक वर्ग फुटसल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला जु-जित्सू संघ, ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती विशिष्ट अतिथि बॉक्सिंग कोच मनोज सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ऋषि पाल भारती ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में अद्वितीय महत्व रखता है। खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने, और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। मनोज सिंह ने कहा कि एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने के लिए खेल एक बहुत ही प्रभावी तरीका है क्योंकि यह सभी के लिए सम्मान और अच्छी नौकरी के अवसरों का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला फुटसल एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव नीतीश कुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में हिमालयन प्रोग्रासिव स्कूल, किच्छा, स्पोर्टस स्टेडियम रूद्रपुर, जेसीज पब्लिक स्कूल रूद्रपुर, किंग्स हाइट इंटरनैशनल स्कूल नेता नगर, रेडरोज स्कूल, कृष्ण होली एंजल स्कूल सहित कुल छः टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सभी टीमों के मध्य कड़े मुकाबले हुए। और रोमांचित खेल का प्रदर्शन करते हुए रूद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम और हिमालयन स्कूल ने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जिसमें हिमालयन प्रोग्रासिव स्कूल टीम ने 10-0 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मैच जेसीज पब्लिक स्कूल और कृष्ण होली एंजल स्कूल टीम के साथ हुआ जिसमे जेसीज ने 2ख्0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जेसीज और हिमालय स्कूल टीम के मध्य काफी कड़ी टक्कर हुई। जिसमें हिमालयन प्रोग्रासिव टीम ने जेसीज स्कूल को 1-0 के स्कोर से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में हिमालय प्रोग्रेसिव स्कूल किच्छा विजेता, जेसीज पब्लिक स्कूल रूद्रपुर उप विजेता व कृष्ण होली एंजल स्कूल तृतीय स्थान पर रही। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। बताया कि उक्त प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी दिनांक 6 से 8 जनवरी 2024 को अहमदाबाद, गुजरात में अयोजित होने वाली 15 वीं जूनियर फुटसल नेशनल चैंपियनशिप में उत्तराखंड राज्य टीम में शामिल होकर उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। एवं जाने से पूर्व जिला फुटसल संघ द्वारा सभी चयनित खिलाड़ियों को खेल कीट देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में निर्णायक रैफरी में रोहित पांडेय रहे। इस मौके पर सूर्य जलाल, जगदीश भट्ट, नवल कन्याल, क्रिकेट कोच राजेंद्र कुमार, नवनीत राव, भोतोष मंडल, बलविंदर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)।अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज केलाखेड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भारत की संसद के केंद्रीय कक्ष में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर भाषण देने वाली व नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला और अतिथि के रूप में पहुंची जी20 प्रेसीडेंसी ऑफ इंडिया के अंतर्गत वाई 20 कंसल्टेशन ऐम्स ऋषिकेश में उधम सिंह नगर का प्रतिनिधित्व करने वाली व कल्पना चावला युवा क्लब अध्यक्ष तनीषा चावला द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनारायण गुप्ता एवं उपप्रधानाचार्य जयप्रकाश पांडेय द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तनीषा चावला ने उपस्थित सभी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास,महत्व एवं उद्देश्य से अवगत कराया,तनीषा ने कहा कि एनएसएस की स्थापना 24 सितंबर 1969 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री डॉ राव द्वारा 37 विश्वविद्यालय में 40000 छात्र -छात्राओं के साथ की गई । राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्रों के चरित्र व व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ उनको देश सेवा में योगदान के लिए जागरूक करना है। मुस्कान चावला ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महापुरुषों के जीवन से अवगत कराया और निस्वार्थ भाव से देश सेवा में समर्पित होने का आहवान किया। कार्यक्रम में हिंदी प्राध्यापक अनुराग मिश्रा व शिवानी, प्रीति,गुलफिजा, मनजीत ,हिना, ज्योति,राखी, फरीना,लक्ष्मी,शाहिद सहित तमाम संख्या में स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



# 22 जनवरी को मनायें दीपोत्सव: पाण्डे

गूलरभोज(उद संवाददाता)। शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास गूलरभोज में अयोध्या धाम में पूजित अक्षत और श्री राम का चित्र व वितरण पत्रिका आदि सामग्री को विधायक अरविंद पांडे के द्वारा नगर पंचायत के हर वार्ड में वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर में विराजमान होने पर अपने-अपने आसपास के मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना व कीर्तन भजन और गुणगान करने के साथ ही मंदिरों को सजाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अजय सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, अजय अरोड़ा, संतोष गुप्ता, रमेश सागर, अशोक वर्मा, तरुण दुबे, हरीश छाबड़ा, विजय गुंबर, भूपेंद्र आर्य, बाबू सिंह तोमर, राजू मेहता, गुरमेल सिंह, इंदर सिंह मेहता, संजीव गुप्ता, मनजीत सिंह, नरेश कुमार, रामकिशन आदि उपस्थित थे।



# जु-जित्सू एसोसिएशन ने पदक विजताओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर की ओर से मंगलवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, विशिष्ठ अथिति श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला सभा, रूद्रपुर के मैनेजर शेखर सक्सेना, अमर सिंह, दर्शन सिंह द्वारा सयुक्त रूप से सभी जु-जित्सू खिलाडियों का माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाकर, बुके, प्रशस्ति पत्र देकर एवं पदक पहनाकर गर्मजोशी के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 19वें एशियन गेम्स, चीन में भारत देश प्रतिनिधित्व करने वाले जुजित्सू खिलाड़ी कमल सिंह और एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप थाईलैंड में कांस्य पदक जीतने पर जय प्रकाश सहित दोनो खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर एवं पगड़ी पहनाकर, बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत भूषण ने अपने विचार रखते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। और कहा कि सम्मान से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन होता है। साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इसलिए इस तरह के सम्मान समारोह के आयोजन होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सम्मान मिलने के बाद सफलता का सफर समाप्त नहीं होना चाहिए। बल्कि दोगुना उत्साह से आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो खिलाडी असफल होते हैं उन्हें भी मायूस होने की आवश्यकता नहीं है। लगातार प्रयास से सफलता की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। विशिष्ठ अतिथि शेखर सक्सेना ने कहा कि यदि खिलाड़ियों को मंच दिया जाए तो उनकी प्रतिभा को सामने लाया जा सकता है। जैसा उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने पदक अर्जित का अपने हुनर का परिचय दिया है, जोकि बधाई के पात्र है। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि विगत दिनों जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में अयोजित हुई दो दिवसीय उत्तराखंड राज्य जु-जित्सू प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 स्वर्ण पदक, 36 रजत पदक व 28 कांस्य पदक सहित ओवरऑल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें उत्तराखंड राज्य के 10 जनपदों के 750 से अधिक जु-जित्सू खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम दिखाया। ओवरऑल चौंपियनशिप में नैनीताल ने प्रथम स्थान, उधम सिंह नगर ने दूसरा एवं देहरादून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम आयोजक सचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में सृष्टि वशिष्ठ, लोरी, शिवानी, आकृति कौर, कताक्षा कौर, प्रिय विश्वास, नंदिनी सागर, अंशिका शर्मा, कौशल्या, लवली विश्वकर्मा, सारान्या सिंह, हर्षिता सिंह, आरोही उपाध्याय, परिणीत, जय लोहनी, क्षितिज सिंह, मनीष अरोरा, अंकित चंदेल, प्रज्ञान बिष्ट, हैप्पी सिंह, किशोर विश्वास, गुलशन कुमार, ऋषि गांगुली, वंश बिष्ट, समीर खान ने स्वर्ण पदक, सृष्टि वशिष्ठ, शिवानी, रश्मि, सिया, कताक्षा कौर, रूनु शर्मा, लवली विश्वकर्मा, आस्था राना, सरान्या सिंह, हर्षिता सिंह, परिणीत, बलविंदर सिंह, जय लोहनी, हैप्पी सिंह, मिंकु ठाकुर, गुलशन कुमार, वंश बिष्ट, आरव ने रजत पदक,रश्मि, सोनम कोली, तनु, अंशिका, आस्था राना, क्षितिज सिंह, अंकित चंदेल, बलविंदर सिंह, प्रिंस, ऋषि गांगुली, आरव ने कांस्य पदक जीते। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई।





## अवैध शराब सहित पांच तस्कर पकड़े

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में शराब बरामद कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार काठगोदाम पुलिस ने चौकिंग के दौरान नशा मुक्ति केंद्र के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में मौके से 78 पव्वे देशी शराब के बरामद किए हैं। पुलिस ने राकेश मेहता पुत्र सुन्दर सिंह मेहता निवासी ग्राम माट कसार देवी पोओ डीनापानी थाना अल्मोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने कुमाऊ कालोनी में एक व्यक्ति को शराब बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया । पकड़ा गया आरोपी हरीश कुमार पुत्र थानेश्वर निवासी ग्राम चौन्डेरा पो. याकूबगंज बहेड़ी जिला बरेली का रहने वाला है। उसके पास से 53 पव्वे देशी शराब बरामद हुए। टीपी नगर पुलिस ने गन्ना सेंटर में स्थित एक फास्ट फूड की दुकान से 52 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद कर आरोपी जगदीश कुमार पुत्र मोहन राम निवासी ग्राम डोबा अल्मोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। इधर राजपुरा चौकी पुलिस ने शमशान घाट गेट के पास से एक व्यक्ति को 56 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लक्की बाल्मीकि पुत्र रमेश चन्द निवासी वार्ड 12 राजपुरा के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं मंडी चौकी पुलिस ने बरेली रोड से एक व्यक्ति को खुलआम शराब बेचते हुए धर दबोचा। उसके पास से 52 पव्वे देशी शराब बरामद हुई है। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मोहन सिह नेगी पुत्र स्व. चन्दन सिह नेगी निवासी हरिपुर तुलाराम अर्जुनपुर हल्द्वानी बताया। पुलिस ने पकड़े गए सभी शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में दिव्यांगों के लिए शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला समाज कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर दिव्यांग जनों के लिए कैंप का आयोजन किया गया। सतीश कुमार चौहान नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांग जनों के रोजगार के लिए कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। कुछ समय पहले कुमार इंडस्ट्रीज ऑफ ग्रुप के एमडी से निवेदन किया गया था कि हमारे कुछ दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए अपने कार्यालय में कंपनियों में रोजगार देने का अवसर प्रदान करें। इसी क्रम में दिव्यांग जनों के रोजगार के लिए कुमार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज कार्यालय कुमार ऑक्सीजन कंपाउंड रुद्रपुर द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र रुद्रपुर पर दिव्यांग जनों के लिए साक्षात्कार किया गया। इस इस साक्षात्कार में 25 दिव्यांग जनों का 18 से 45 वर्ष के रोजगार के लिए साक्षात्कार किया गया। साक्षात्कार के लिए आए मिस्टर एस एस डोगरा द्वारा बताया गया कि जल्दी ही इन दिव्यांग जनों को अपनी कंपनी में अपने एमडी से बात करके रोजगार देने की कोशिश करेंगे और यह आगे भी हम दिव्यांग जनों को रोजगार देने की कोशिश करते रहेंगे इसी के साथ-साथ अनमोल फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी श्रीमती मीनाक्षी चौहान ने सभी दिव्यांग जनों को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी को बताया गया कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस है और जिन दिव्यांगजनों के वोटर आईडी कार्ड नहीं बने हैं वह मतदान केंद्र पर जाकर अपने वोटर आईडी कार्ड बना लें जो 18 वर्ष से ऊपर के हो गए हैं सभी को निवेदन किया कि सभी को आने वाले समय में लोकसभा चुनाव होने हैं उसमें सभी को मतदान करना है इसी क्रम में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के स्टाफ द्वारा 10 दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। इस मौके पर पारस बोरा,सचिन वर्षा और 30 दिव्यांग जन व उनके परिजन उपस्थित रहे।





## रंगदारी या हनी ट्रैप,चर्चा का विषय बना मामला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने हनी ट्रैप और रंगदारी के मामले में एक युवक और महिला को गिरफ्तार किया है। यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक जुगल किशोर पुत्र भगवान दास निवासी गल्ला मण्डी ने थाना पंतनगर में विक्की आहुजा व नीलम के खिलाफ तहरीर देकर पुत्र विकास तनेजा को सैक्सटार्शन के जाल में फंसाकर बंधक बनाने, दुष्कर्म के केस में झूठा फंसाने की धमकी देते हुए ढाई लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। मामले में थाना पंतनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार पीड़ित की सूचना पर विक्की आहूजा को ग्रीन पार्क से गिरफ्तार किया गया । पुलिस की मानें तो पूछताछ में प्रकाश में आया कि नीलम व विक्की आहूजा द्वारा योजना बनाकर योजना अनुसार नीलम ने ऐसी स्थिति बनाई कि विकास उसके साथ वाट्सप पर अश्लील चैट करने लगा । विकास को धमकाते हुए अपने प्रभाव में लेकर नीलम के फ्लेट ओमेक्स पर बुलाया जहां दोनों ने मिलकर विकास को जब वह बाहर जाने लगा तो उसे बाहर जाने से रोकते हुए वही बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की और उससे कहा कि अगर तू 10 लाख रुपये लाकर हमें नही देता है तो तुझे बलात्कार के झूठे केस में फंसवाकर इज्जत नीलाम कर देंगे। जब 10 लाख में बात नही बनी तो फिर विकास को बलात्कार के केस में फंसाने की बात से डराते हुए ढाई लाख रुपये की मांग की। नीलम को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। हनी ट्रैप और रंगदारी का यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले को लेकर पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।



## सरस मेले को लेकर डीएम ने ली स्वयं सहायता समूहों की बैठक

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में आगामी 10 जनवरी से 20 जनवरी तक गांधी पार्क में आयोजित होने वाले सरस मेलें में महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित उत्पादों के स्टाल लगाने हेतु सीएलएफ /कलस्टर की पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा -निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरस मेलें में स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित/विक्रय हेतु अपने-अपने स्टाल अवश्य लगायें। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनों में स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने से जनपद, राज्य, देश व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग हेतु बाजार मिलता है। उन्होने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने से प्रचार-प्रसार के साथ उत्पादों की विक्री होने से आय में भी वृद्धि होती है। जिला अधिकारी ने कहा कि सरस मेलों को ग्रामीण विकास का उत्सव कहा जाता है और इस उत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 10 जनवरी को किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित जनपद के सभी विकास खण्डों से आयी सीएलएफ/ कलस्टर की पदाधिकारी उपस्थित थी।



## पूर्वांचल महासभा का खिचड़ी महोत्सव 14 जनवरी को

रूद्रपुर। उत्तराखण्ड पूर्वांचल महासभा रूद्रपुर इकाई द्वारा आगामी 14 जनवरी को खिचड़ी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जेसीज स्कूल सभागार में प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होने वाले खिचड़ी महोत्सव में पटना बिहार के प्रसिद्ध लोक गायक निर्देशक संजय उपाध्याय और उनके साथियों द्वारा साहित्यकार भिखारी ठाकुर जी के विदेशिया नाटक का मंचन, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त पूर्वांचली समाज के सदस्यों का सम्मान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आयोजन स्थल पर विभिन्न प्रकार के पारम्परिक खिचड़ी, दही चिउड़ा, लिट्टी चोखा व अन्य पकवान भी परोसे जायेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजक कमेटी के सभी सदस्य लगातार जुटे हैं।

## विधायक अरोरा ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने 2023 हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को पं दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरुस्कार देकर ए न झा इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में 12वी कक्षा में प्रिया चौहान एस वी एम स्कूल जसपुर, अनिक समझदार, एस वी एम सितारगंज स्कूल, मोहित पाण्डे सितारगंज, सना परवीर पूर्णानंद इंटर कॉलेज, कंचन झा कालेज रुद्रपुर महिमा जसपुर तो वही 10 वी कक्षा में अक्षिता एस बी बी एम इंटर कॉलेज बाजपुर, निखिल मौर्य एस वी एम सितारगंज, तनुज जोशी नानकमत्ता, गुजन जोशी एस वी एम सितारगंज, उशिका चौहान शिशु मंदिर काशीपुर व नीतीश साहू एस वी एम सितारगंज को विधायक शिव अरोरा द्वारा 5100 रुपए की राशि के चौक सौपकर समान्नित किया, इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने सभी मेधावी छात्र छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी और कहा कि आप हमारा आने वाला कल हो और मुझे उम्मीद है आप सभी शिक्षा के क्षेत्र में अपने जिले व उत्तराखंड का नाम रोशन करोगे , निश्चित रूप से इस प्रकार की प्रोत्साहन से बच्चो का मनोबल बढ़ता है और उनको अपने जीवन मे कुछ अच्छा करने की हिम्मत मिलती है हमको अपनी आने वाली पीढ़ी के लिये एक बेहतर शिक्षा का माहौल देना है जिसके लिये हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान पूर्व पार्षद सुशील यादव, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, मयंक कक्कड़, सुनील कुमार, रोहित, प्रेम सिंह, व अन्य लोग मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मणिपुर में बेलगाम हिंसा

मणिपुर में बीते आठ महीने से जारी हिंसा पर काबू पाने के तमाम प्रयासों के बावजूद आज भी अगर निशाना बना कर सरेआम लोगों की हत्या की जा रही है, तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है। गौरतलब है कि सोमवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने स्थानीय लोगों को निशाना बना कर ताबड़तोड़ गोलीबारी करनी शुरू कर दी। खबरों के मुताबिक, बेलगाम गोलीबारी करने वाले लोग वेश बदल कर आए थे। इस घटना में चार लोगों की मौके पर ही जान चली गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश फैल गया और उन्होंने इसके प्रति विरोध जताने के लिए वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। जाहिर है, ऐसी स्थिति में हिंसा और प्रतिहिंसा की स्थिति और जटिल होने की आशंका है। शायद यही वजह है कि चार लोगों की हत्या और हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद राज्य सरकार ने घाटी के कई जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया। इस घटना के पहले भी लगातार दो दिन कुकी और मैतेई समुदायों के बीच आपसी संघर्ष और कमांडो काम्प्लेक्स पर विद्रोहियों के हमले की खबरें आई थीं। जब भी ऐसी घटनाओं को लेकर सरकार के रवैये, नाकामी और उसकी लापरवाही पर सवाल उठाया जाता है तो एक तरह से रटा-रटाया जवाब यही होता है कि शांति स्थापित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं, कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सवाल है कि लगातार ऐसे आश्वासनों के बावजूद आज भी चिह्नित करके आम लोगों की हत्या करने की घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं? मणिपुर में हिंसा की शुरुआत पिछले वर्ष मई में ही हुई थी। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सवाल से उठे विवाद के बाद फूटा आक्रोश हिंसक टकराव में तब्दील हो गया और तब से लेकर लगातार हिंसा में लगभग दो सौ लोगों के मारे जाने की खबरें आ चुकी हैं। कई सौ लोग बुरी तरह घायल हुए और साठ हजार से ज्यादा लोगों को अपने मूल स्थानों से विस्थापित होने का दंश झेलना पड़ा है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि मणिपुर में जातीय संघर्ष ने किस हद तक त्रासद शक्ल अख्तियार कर ली है। इस बीच हालात पर काबू पाने के मकसद से राज्य की पुलिस के अलावा सेना तक को मोर्चे पर लगाया गया। केंद्र सरकार ने शांति समिति गठित की और सुप्रीम कोर्ट की ओर से निगरानी समिति को भी जिम्मा सौंपा गया। मगर आज भी हालत यह है कि गाहे-बगाहे हिंसा फूट पड़ती है और हथियारबंद लोगों के समूह कहीं भी गोलीबारी कर लोगों की जान ले रहे हैं। सवाल है कि हिंसा की शुरुआत और इतना लंबा वक्त गुजर जाने के बाद भी सरकार हिंसा और अराजकता फैलाने वाले तत्त्वों के खिलाफ इस कदर लाचार क्यों नजर आ रही है। राज्य और केंद्र सरकार की ओर से प्रशासनिक स्तर पर की गई कवायदों के अलावा हिंसा पर काबू पाने के लिए सेना को उतारे जाने के बावजूद मणिपुर जैसे छोटे राज्य में आठ महीने से हिंसा जारी है, तो इसके लिए किसकी नाकामी जिम्मेदार है? जिस मुद्दे पर मणिपुर में हिंसा की आग फैली, उस मुद्दे पर संबंधित पक्षों में संवाद को लेकर आज तक नतीजा देने वाली कोई कारगर पहल नहीं हो सकी है। जबकि इस मुद्दे पर हल का कोई रास्ता निकालने का अकेला विकल्प विवाद में आमने-सामने खड़े दोनों पक्षों के बीच बातचीत ही है।

# कड़ाके की ठंड से कांपी तराई

खटीमा। कड़ाके की ठंड, शीत लहर और गलन के चलते खटीमा में मंगलवार सुबह जनजीवन प्रभावित रहा। ठंड से बचने के लिए लोग बाहर कम ही निकले। खटीमा क्षेत्र का न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। खटीमा के झनकईया, नगरा तराई, मझोला, झनकट, चकरपुर आदि क्षेत्रों में तड़के से ही घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते सुबह 10 बजे तक सड़कों पर गुजर रहे वाहन चालकों को लाइट जलानी पड़ी। दोपहर बाद हल्की धूप खिली, लेकिन ठंड से राहत नहीं मिली। नगर पालिका की ओर से भी सिर्फ खटीमा चौराहा, कंजाबाग चौराहा और ब्लॉक कार्यालय परिसर में ही अलाव की व्यवस्था की गई थी जिसके चलते दूसरे सार्वजनिक जगहों पर लोग ठिठुरते नजर आए। थारू जीआईसी खटीमा के मौसम विज्ञान केंद्र प्रभारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने बताया कि खटीमा में मंगलवार को अधिकतम तापमान 20, न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा। रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। काशीपुर में भी कड़ाके की ठंड में सुबह से ही शहर और आसपास का इलाका कोहरे की चपेट में रहा जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। दोपहर बाद कुछ समय के लिए, धूप खिली जिससे बाजार में चहल-पहल नजर आई। कड़ाके की सर्दी और कोहरे के चलते सुबह सड़कों पर पाला नजर आया। दुकानें भी देर से ही खुलीं। स्कूलों में शीतकालीन अवकाश होने से सुबह चहल-पहल कम ही रही। लोग कई जगहों पर अलाव जलाते नजर आए। दोपहर बाद हल्की धूप खिलने के बाद लोगों ने राहत महसूस की जिसके बाद सड़कों और बाजारों में लोगों की चहलकदमी नजर आई।

# श्रमिकों ने प्रदर्शन कर मांगी मजदूरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम लालपुर में स्थित एक फैक्ट्री के जीएम और ठेकेदार पर मजदूरी का लाखों रूपया न देने का आरोप लगाते हुए आज दर्जनों श्रमिकों ने श्रम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों का कहना है कि एक प्लाईवुड फैक्ट्री के जीम और ठेकेदार द्वारा उनकी मजदूरी का



लाखों रूपया नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण उनके समक्ष परिवार के भरण पोषण की समस्या आ रही है। उनका आरोप है कि इस सन्दर्भ में कई बार निवेदन किया जा चुका है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। प्रदर्शन करने वालों में हरपाल, धर्मवती, राजपाल, राहुल, लालचन्द, नत्थूलाल, नरेन्द्र पाल, सुनील, राज, सौरव, शांति रानी, तालेवर, सर्वेश, रेनू, सुमन, राजवती आदि शामिल थे।

# विपक्ष को सालता सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सूर्योदय

आखिरकार 30 दिसंबर को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सूर्योदय हो गया। 22 जनवरी को इसका निखार, यानी लालिमा अपने चरम बिंदु पर होगी, इस दिन रामलला अपनी जन्मभूमि पर दिव्य, भव्य और नव्य रूप में विराजित हो जाएंगे। भारतवासियों को यह दिन 550 साल की लंबी प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद देखने को मिलेगा। 30 दिसंबर का दिन



भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन 1943 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंडमान में आजादी का झंडा फहराकर देश की स्वतंत्रता का जयघोष कर दिया था। भव्य और विशाल मंदिर का निर्माण संपूर्ण विपक्ष को खटक रहा है। क्योंकि उसे अपने बचे-खुचे राजनीतिक अस्तित्व के तोते उड़ते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सवाल खड़ा किया है कि क्या राम मंदिर ही देश का असली मुद्दा है ? मंदिर से बड़े शिक्षा, रोजगार, महंगाई, स्वास्थ्य, वायु प्रदूषण और अर्थव्यवस्था के मुद्दे होने चाहिए। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने राम मंदिर उद्घाटन को लेकर नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधा है। थरूर ने कहा है कि 14 फरवरी को मोदी को अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर के उद्घाटन हेतु में आमंत्रित करने की आलोचना की है। अपने ट्विटर हैंडल पर थरूर ने कहा है, 2024 में भाजपा अपने मूल संदेश पर लौटेगी और मोदी को हिंदू हृदय सम्राट के रूप में पेश करेगी। इसी साल के लोकसभा चुनाव में हिंदुत्व बनाम लोक-कल्याण को वास्तविक मुद्दा बना दिया जाएगा। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने राम मंदिर जाने के निमंत्रण को ठुकराते हुए मोदी द्वारा मंदिर उद्घाटन की आलोचना की है। येचुरी ने कहा है कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए ध र्मिक भावनाओं का दुरुपयोग कर रही है, जबकि संविधान में पंथनिरपेक्षता का अर्थ धर्म को राजनीति से अलग रखना है। मंदिर का उद्घाटन करना खुले रूप में धर्म का राजनीतिकरण है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के घटक दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने भाजपा पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राजनीतिक हित साधने का आरोप लगाया है। दल के महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी ने का है कि भाजपा की इस राजनीतिक पैंतरेबाजी को पहचानने की जरूरत है। सोनिया गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उद्घाटन का आमंत्रण तो मिल गया है, लेकिन वे कार्यक्रम में जाने की दुविधा में हैं। इसी दुविधा ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों को हाशिए पर ला खड़ा किया है। जबकि इन्हें राम की प्रतिष्ठा को एक सांस्कृतिक-आध्यात्मिक पुनरुत्थान का आयोजन मानते हुए भागीदारी की जरूरत है। इस राम-महोत्सव के साथ इसमें कोई दो राय नहीं कि अब भारत सांस्कृतिक-आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की छाया में आगे बढ़ता दिखाई देगा। सनातन हिंदू संस्कृति ही अखंड भारत की संरचना का वह मूल गुण-धर्म है, जो इसे हजारों साल से एक रूप में पिरोये हुए है। इस एकरूपता को मजबूत करने की दृष्टि से भगवान परशुराम ने मध्यभारत से लेकर अरुणाचल प्रदेश के लोहित कुंड तक आताताईयों का सफाया कर अपना फरसा इसी कुंड के जल से धोया था, वहीं राम ने उत्तर से लेकर दक्षिण तक और कृष्ण ने पश्चिम से लेकर पूरब तक सनातन संस्कृति की स्थापना के लिए सामरिक यात्राएं कीं। इन्हीं यात्राओं से भारत का जनमानस सांस्कृतिक रूप से समरस हुआ। इसीलिए समूचे प्राचीन आर्यावर्त में वैदिक और रामायण व महाभारत कालीन संस्कृति के प्रतीक चिन्ह मंदिरों से लेकर विविध भाषाओं के साहित्य में मिलते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की इन्हीं स्थापनाओं ने दुनिया के गणतंत्रों में भारत को प्राचीनतम गणतंत्र के रूप में स्थापित किया। यहां के मथुरा, पद्मावती और त्रिपुरी जैसे अनेक हिंदू राष्ट्र दो से तीन हजार साल पहले तक केंद्रीय सत्ता से अनुशासित लोकतांत्रिक गणराज्य थे। केंद्रीय मुद्रा का भी इनमें चलन था। लेकिन भक्ति, अतिरिक्त उदारता, सहिष्णुता, विदेशियों को शरण और वचनबद्धता जैसे भाव व आचरण कुछ ऐसे उदात्त गुणों वाले देश रहे, जिनकी वजह से भारत विडंबनाओं और चुनौतियों के ऐसे देश में बदलता चला गया कि विदेशी आक्रांताओं ने इन्हीं कमजोरियों को सत्ता पर काबिज होने का पर्याय मान लिया और वे भारत को परतंत्र बनाने में सफल भी हो गए। परंतु पिछले साढ़े नौ साल में न केवल देशव्यापी बल्कि भारतीय संदर्भ में विश्वव्यापी आश्चर्यजनक परिवर्तन देखने में आ रहे हैं। भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था है और हरेक विकसित देश भारत का सहयोगी बनने को उत्सुक है। मोदी के मंदिरों से जुड़े कायाकल्प केवल धार्मिक नहीं हैं, बल्कि वे अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और स्व-रोजगार के साथ आधुनिक और वैज्ञानिक विकास को भी मजबूत ध रातल दे रहे हैं। आयोध्या में साढ़े पांच सौ सालों से आहात सनातन सभ्यता को नई गरिमा मिली है। आयोध्या में सुनहरे क्षितिज का भविष्य लिखते हुए बाल्मीकि हवाईअड्डा बन गया है, जो देश ही नहीं दुनिया में रहने वाले हिंदू धर्मावलंबियों के लिए राम दर्शन की यात्रा आसान करेगा और भारत में विदेशी मुद्रा आएगी, साथ ही आयोध्या में स्थानीय रोजगारों को बल मिलेगा। वाराणसी, उज्जैन और अन्य ध र्मिक पर्यटनों को दृष्टिगत रखते हुए ही दुनिया के सबसे बड़े 1000 विमानों की खरीद के आदेश एयर इंडिया और इंडिगो ने दिए हैं। हवाई यातायात की यह तेज गति विकसित होते भारत की बानगी तो है ही राष्ट्रीय एकता की संवाद-शक्ति भी बन रही है। मोदी सरकार इसी क्रम में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम का पुनर्विकास कर रही है। नरेंद्र मोदी का यह आध्यात्मिक पुनर्जागरण का ऐसा उपाय है, जिससे स्वतंत्रता के बाद के सभी शासक कथित धर्मनिरपेक्षता आहत न हो जाए, इस कारण बचते रहे हैं। जबकि वाकई इन उपायों से ही भारत की संप्रभुता और अखंडता बहाल हुए हैं। जिनका 1400 साल पहले भारत भूमि पर इस्लाम के प्रवेश के बाद दमन होता चला आ रहा था। इस तलवार की धार से किए गए इस दमन का ही परिणाम था की लाखों हिंदू मुसलमान बन गए। किंतु अब धारा बदल रही है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी से लेकर दक्षिण की मलयालम फिल्मों के जाने-माने फिल्म निर्माता अली अकबर ने पत्नी सहित हिंदू धर्म अपना लिया है। इन हस्तियों के धर्म परिवर्तन से आम मुस्लिमों में इस्लाम छोड़ने की मानसिकता बन रही है। इनके पहले इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति की बेटी सुकमावती ने भी इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया था। इन बदलावों का असर अब वैश्विक रूप में भी दिखाई दे रहा है। नरेंद्र मोदी के वैश्विक आतंकवाद के विरोध में दृढ़ता से खड़े होने का ही नतीजा है कि दुनिया के लगभग पचास मुस्लिम राष्ट्रों में प्रमुख राष्ट्र सऊदी अरब में तबलीगी जमात और दावा की तकरीरों पर रोक लगा दी। यहां के इस्लामी मामलों के मंत्री डॉक्टर अब्दुल लातीफ-अल-शेख ने माना है कि इन दोनों संगठनों से जन्मा अल अहबाब नामक आतंकी संगठन है। जमात-तबलीग की शुरूआत 100 साल पहले भारत से ही हुई थी, जिसका अब डेढ़ सौ से ज्यादा देशों में प्रभाव है। उस समय के प्रमुख आर्यसमाजी नेता स्वामी श्रद्धानंद ने हिंदू से मुसलमान बने लोगों के घर-वापसी का अभियान चलाया था, इसी के जबाव में तबलीगी जमात खड़ी हुई थी। यह अच्छी बात है कि इस्लाम के बहाने उपजे आतंकवाद पर अंकुश लगाने की पहल उस देश ने शुरू कर दी है, जिसने तेल से कमाए अकूत धन का इस्तेमाल इस्लामिक कट्टरता के लिए किया था। किंतु अब सऊदी अरब के बहावी मौलाना मानने लगे है कि तबलीगी जमात के पैरोकार दरगाहों की इबादत के बहाने बुतपरस्ती का ही काम कर रहे हैं, जो इस्लाम में धर्म से संबंध नहीं रखता है। इसी तरह के बदलाव की चेतना स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी देखने में आई थी। इसीलिए इसे भारतीय स्वाभिमान की जागृति का संग्राम भी कहा जाता है। राजनीतिक दमन और आर्थिक शोषण के विरुद्ध लोक-चेतना का यह प्रबुद्ध अभियान था। यह चेतना उत्तरोत्तर ऐसी विस्तृत हुई कि समूची दुनिया में उपनिवेशवाद के विरुद्ध मुक्ति का स्वर मुखर हो गया। परिणामस्वरूप भारत की आजादी एशिया और अफ्रीका की भी आजादी लेकर आई। भारत के स्वतंत्रता समर का यह एक वैश्विक आयाम था, जिसे कम ही रेखांकित किया गया है। इसके वनिस्पत फ्रांस की क्रांति की बात कही जाती है। निसंदेह इसमें समता, स्वतंत्रता एवं बंधुता के तत्व थे, लेकिन एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका की अवाम उपेक्षित थी। अमेरिका ने व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता और सुख के उद्देश्य की परिकल्पना तो की, परंतु उसमें स्त्रियों और हब्शी गुलाम बहिष्कृत रहे। मार्क्स और लेनिनवाद ने एक वैचारिक पैमाना तो दिया, किंतु वह अंततः तानाशाही साम्राज्यवादी मुखौटा ही साबित हुआ। इस लिहाज से स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के ही विचार थे, जो समग्रता में न केवल भारतीय हितों, बल्कि वैश्विक हितों की भी चिंता करते थे। इसी परिप्रेक्ष्य में विनायक दामोदर सावरकर ने प्रखर हिंदुत्व और दीनदयाल उपध्याय ने एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचार दिए, जो संसाधनों के उपयोग से दूर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की चिंता करते हैं। मोदी का यह सांस्कृतिक विकास और पर्यटन अंतिम छोर पर खड़े इसी व्यक्ति की आर्थिक आमदनी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अतएव विपक्षी नेताओं की यह दलील थोथी है कि अर्थव्यवस्था और रोजगार की चिंता मोदी सरकार नहीं कर रही है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

# माँ बहनों की रक्षा करने वाले थे गुरु गोविन्द सिंह जी

कोई समाज और राष्ट्र तभी जीवित रहता है, जब उसके अन्दर की खामियों को चुन-चुन कर निकालने वाले महापुरुष समय-समय पर अवतीर्ण होते रहें। भारत वसुन्धरा, जिसमें आदि-



अनादि काल से एक सुसभ्य समाज निवास करता रहा है, इस मामले में बड़ा संपन्न है। यह धरती वह धरती है जिसके जन-जन ने सभी उदात्त गुणों को दैनन्दिन जीवन में जिया है और सतत जीने का प्रयास करता चला आ रहा है। इसने दया, परोपकार, परदुख- कातरता, सत्य अहिंसा, क्षमाशीलता, धैर्य, और न जाने कौन-कौन से गुण इस प्रकार जिए हैं कि मानो गुण ही जीवित-जाग्रत मूर्तिमान हो उठे हों। इन मानवीय गुणों में जब-जब जहाँ-जहाँ कमियाँ आयीं, वहीं कोई न कोई महापुरुष अवतीर्ण हो, आदर्श रूप दिखा सभी कमियों को तिरोहित कर चला गया। कौन नहीं जानता कि ऋषि वशिष्ट की क्षमा, हरिश्चंद्र का दान, शिवि के शरणागत प्रेम- धर्म, दिलीप की परदुखकातरता, बुद्ध और महावीर की अहिंसा व अपरिग्रह, इस धरा के गौरव हैं। पर कभी-कभी गुणातिरेक एक बुराई बनकर आ खड़ा होता है, जो लीलने लगता है ऐसे आदर्श समाज को ही। ऐसे ही गुणातिरेक के काल में जब यह जाति और समाज विनाश के कगार पर खड़ा था, आततायियों के सामने हमारे गुण आज की तरह पानी भर रहे थे, तब एक राष्ट्रनायक उत्पन्न हुए जिन्होंने कहा कि शास्त्र रहित समाज जिस प्रकार पशु-सम है, उसी प्रकार शस्त्ररहित समाज भी निरीह बकरियों से कुछ अधिक नहीं। इस महापुरुष ने शास्त्र और शस्त्र दोनों की ही महिमा समझाई और कहा, "सिंह शावकों तुम गुणातिरेक रूपी भेड़ों के झुण्ड में फँस, अपनी गर्जना को न भूल जाओ। तुम कृष्ण की गीता हो, तुम चक्रधारी हो, शस्त्र और शास्त्र दोनों का वरण करो।" यह उद्घोष करने वाले महापुरुष थे प्रातः स्मरणीय दशम पातशाह श्री गोविन्द सिंह जी महाराज। सिखों के दस गुरुओं ने ध र्म के प्रचार एवं प्रसार व देश की रक्षा के लिए अद्वितीय त्याग व बलिदान किया है उसका संसार में कोइ उदाहरण नहीं मिलता। जिस दिन बिलासपुर का राजा अपने अपमान का बदला लेने हेतु बार-बार आनन्दपुर पर आक्रमण कर रहा था, बात उन्हीं दिनों की है। होशियारपुर के बरसी नामक स्थान का एक ब्राह्मण श्री गुरु गोविन्द सिंह के पास आया। वह रोते बिलखते हुए बोला, " महाराज मेरी पत्नी को पठान जबरन उठा कर ले गए हैं, कृप्या उद्धार करने का कष्ट करें। '' गुरु जी ने कहा, " माँ बहनों की रक्षा ही तो मेरा धर्म है।'' उन्होंने अपने पुत्र अजीत सिंह को 100 सवार लेकर स्त्री का उद्धार कराने के लिए आदेश दिया। श्री अजीत सिंह ने बड़ी तेजी से गाँव पर हमला बोल दिया। पठान सोच भी न सके कि चंगुल में फँस गए। पठानों को आदेश दिया गया कि वे या तो एक घंटे के अन्दर स्त्री को छोड़ दें अन्यथा इसका परिणाम भोगने को तैयार हो जाएँ। पठान डर गए। स्त्री को वापस किया और आगे इस प्रकार का दुष्कर्म न करने की कसम खाई, अजीत सिंह ने स्त्री लेकर ब्राह्मण को सौंप दी। ब्राह्मण आशीष देता हुआ वापस बरसी चला गया। यहीं तो कार्य था गुरु जी का। गों, गंगा, गीता, ब्राह्मण रक्षार्थ ही तो उन्होंने जन्म लिया था। पर कुछ पागल, स्वार्थी और नासमझ लोग उन्हें समझ नहीं पाए। उनका न समझना ही तो देश का दुर्भाग्य था। यदि गुरुगोविंद सिंह न होते तो आज समाज की क्या दशा होती। हमें धार्मिक मंदिरों में भी गुरु जी का सम्मान करना चाहिए। हमारा परम कर्तव्य है कि हम सब गुरु जी के बताये मार्ग पर चलें और उनके उपदेशों का ईमानदारी से पालन करें तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है और हमारे समाज व देश की शोभा बढ़ सकती है।

प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर

# श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती पर धूमधाम से निकला नगर कीर्तन





गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन बुधवार को गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार ग्राम महतोष से निकाला गया। इससे पूर्व गुरुद्वारा साहिब में ग्रंथी भाई कृपाल सिंह द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ के भोग एवं अरदास की गई तत्पश्चात नवाबगंज के रागी भाई हरजीत सिंह,गुरदीप सिंह एवं बलविंदर सिंह तथा गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर के रागी भाई बेयंत सिंह, मंगल सिंह एवं परमजीत सिंह द्वारा कीर्तन भाई राजेंद्र सिंह एवं करनैल सिंह द्वारा कथा की गई। कार्यक्रम का संचालन स. बलकार सिंह,प्रतपाल सिंह और इकबाल सिंह ने किया । इस दौरान गुरु के लंगर की सेवा दिनभर चलती रही । भोग एवं अरदास के उपरांत गुरु गोविंद सिंह जयंती पर आयोजित नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रेम नगर मोड़,बाईपास होते हुए ग्राम मुकुंदपुर,ग्राम बरीराई मुकंदपुर डेरा,गोपाल नगर चौक, सेंट मैरी,गूलरभोज रोड से मुख्य मार्ग होते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी के साथ कीर्तन करते शब्दी जत्थे,पंच प्यारे भाई दर्शन सिंह,परमजीत सिंह,सुखमीत सिंह,मलूक सिंह,अवतार सिंह इसके अलावा खालसा फौज में अमरीक सिंह,पारस सिंह,संदीप सिंह,हरविंदर सिंह,गुरुआशीष सिंह,अमृतपाल सिंह,जयदीप सिंह, मनिंदर सिंह ,प्रदीप सिंह, अमनप्रीत सिंह ,बलविंदर सिंह, शामिल थे नगर कीर्तन में बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा, फेयरलेस खालसा गतका अखाड़ा की टीमों ने गतके के हैरतअंगेज करतब दिखाये वही बैंड बाजे, शब्द कीर्तनी जत्थे,सेवा करते श्रद्धालु, पुष्प वर्षा एवं सफाई व्यवस्था करते श्रद्धालु,गुरु नानक पब्लिक स्कूल गदरपुर, श्री गुरु हरगोबिंद पब्लिक स्कूल खेमपुर, गुरु नानक पब्लिक स्कूल श्री नानकमत्ता साहिब एवं श्री गुरु हरगोविंद साहिब पब्लिक स्कूल अब्दुल्ला नगर के बच्चे एवं स्टाफ सहित अन्य स्कूली बच्चे शामिल हुए। नगर कीर्तन में जगह-जगह ग्राम नजदीकी ग्रामों के श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण के साथ सेवा की गई ।इस दौरान स.बलकार सिंह ,कृपाल सिंह नौनिहाल सिंह विधायक अरविंद पांडे ,कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविंदर सिंह विर्क, शैलेंद्र शर्मा, गु,गुरु हरगोबिंद सर के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह, सरदार, सिंह जगीर सिंह , हरविंदर सिंह ग्रोवर,साहब सिंह, नरेंद्र सिंह ग्रोवर,हरि सिंह, सादा सिंह,ज्ञान सिंह,हरभजन सिंह सैनी,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ,सुरेश खुराना, कपिल सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे ।थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्परता से सेवाएं प्रदान करके यातायात व्यवस्था सुचारू की गई।

# श्री राम मंदिर में भवन के भार संतुलन के लिए स्थापित किए गए हैं हाथी और घोड़े

रूड़की(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की की ओर से अयोध्या में बनाए जा रहे श्रीराम मंदिर के भवन का डिजाइन ऐसी खास कला और तकनीक के इस्तेमाल से तैयार किया गया है, जिससे कम से एक हजार साल तक इसका बाल भी बांका नहीं हो सकेगा। पूरे भवन की प्रतिपल हेल्थ मॉनिटरिंग के लिए नींव, कॉलम और रिटेनिंग वॉल में सेंसर लगाए गए हैं। मंदिर के विशालकाय भवन की खासियत यह भी है कि इसमें कहीं भी सरिया नहीं लगा है। सीबीआरआई रुड़की के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि मंदिर के डिजाइन में तकनीक के साथ भारतीय संस्कृति का भी समावेश किया गया है। मंदिर में रामलला की प्रदक्षिणा के साथ ही पांच जगह से प्रवेश किया जा सकता है। वैज्ञानिक डॉ. देवदत्त घोष ने बताया कि शुरुआत में अहमदाबाद की एक कंपनी ने संस्थान को श्रीराम मंदिर का मॉडल सौंपा था जिसका अध्ययन किया गया।उन्होंने कहा कि बिना सरियों के इस्तेमाल के मंदिर का आकार डिजाइन के लिहाज से चुनौती था। इसके चलते टेस्टिंग और कंप्यूटर में मॉडलिंग करने के बाद डिजाइन में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए। कई स्थानों पर बड़े कॉलम के साथ दो छोटे-छोटे कॉलम दिए गए। फाइनल डिजाइन से पहले कंप्यूटर पर 50 मॉडल तैयार किए गए जिसमें छह माह का समय लगा। पूरे भवन में कोई सरिया नहीं लगा है। यहां तक की सीढिय्यों में भी सरिया नहीं लगा है। मंदिर की ऊंचाई 161 फीट है। पूरे मंदिर में कॉलम को एक के ऊपर एक पत्थर को रखकर इंटरलॉकिंग सिस्टम से निर्मित किया गया है। बीम में एक ही पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। मंदिर का भवन कलाकृति का भी बेजोड़ नमूना होगा। पूरे भवन में भार को संतुलित करने के लिए जगह-जगह भारी भरकम हाथी और घोड़े स्थापित किए गए हैं। वैज्ञानिक डॉ. देवदत्त घोष ने बताया कि भवन पूरी तरह भूकंपरोधी है। साथ ही इसे किसी भी प्राकृतिक आपदा की आशंका से दोगुनी क्षमता सहने के हिसाब से तैयार किया गया है। वैज्ञानिक डॉ. मनोजीत सामंता ने बताया कि पूरे भवन में रियल टाइम मॉनिटरिंग सेंसर लगाए गए हैं जो हर पल भवन की सेहत और उसमें बदलाव की जानकारी देंगे। कहा कि श्रीराम मंदिर की बुनियाद बेहद मजबूत है। 60 मीटर से लेकर 120 तक गड्ढा करने के बाद पक्की मिट्टी के सैंपल की जांच के बाद डेढ़ मीटर मोटा स्ट्रक्चरल डिजाइन तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट सूर्य तिलक को भी सीबीआरआई ने अंजाम दिया है। इसके तहत मंदिर के भीतर विराजमान रामलला के मस्तक पर रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें दोपहर 12 बजकर 04 मिनट पर 20 सेकेंड के लिए विराजमान रहेंगी। वैज्ञानिक डॉ. एसके पाणिग्रही ने बताया कि मंदिर के ऊपर की मंजिल पर शीशा लगा है और इसी तरह फाउंडेशन में लगा है। ये सामने से आने वाली सूर्य की किरणों को बुनियाद के शीशे पर रिफलेक्ट करेगा और यहां से सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। इसके लिए गियर मैकेनिज्म का प्रयोग किया गया है। इसके जरिए रामनवमी को शीशे की दिशा को खास तरीके से फिक्स किया जाएगा। सीबीआरआई रुड़की तीन दशक से अयोध्या में विराजमान रामलला की सेवा में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराता रहा है। वैज्ञानिक डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि विराजमान लला के ऊपर के तिरपाल को आग और पानी व बंदरों से सुरक्षित रखने के लिए संस्थान में बनाया गया। 400 वर्ग मीटर के तिरपाल पर विशेष प्रकार के केमिकल की कोटिंग कर 1994 में रामलाला के ऊपर स्थापित किया गया। इसके बाद 2003 और फिर 2015 में नया तिरपाल बनाकर भेजा गया।



# व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ने रुद्रपुर को दो भागों में बांटा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजू भुड्डी का एक फैसला विवादों में घिर गया। भुड्डी ने रुद्रपुर व्यापार मंडल को पश्चिम और उत्तरी मंडल में विभाजित कर दिया है। पश्चिम मंडल में संजय जुनेजा अध्यक्ष रहेंगे तो उत्तरी मंडल में उन्होंने सुनील ठुकराल को अध्यक्ष घोषित कर दिया है। जिलाध्यक्ष राजू भुड्डी के फैसले को लेकर विरोध के सुर उठने लगे हैं। मुख्य बाजार में धर्मवीर फुटवेयर हाउस के दीपक सागर ने इसे जिलाध्यक्ष की हिटलरशाही करार दिया है। उनका कहना कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र का अध्यक्ष घोषित करने से पहले जिलाध्यक्ष ने वहां के व्यापारियों से राय नहीं ली है। जिसे अध्यक्ष घोषित किया गया है,उसकी ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में न तो दुकान है और न ही घर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुनील जिला अध्यक्ष भुड्डी का सगा भतीजा है,उसे अध्यक्ष बनाने के लिए जिलाध्यक्ष ने सभी नियम तोडे है। दीपक का आरोप था कि जिलाध्यक्ष ने इतना बड़ा निर्णय लेने से पहले प्रदेशाध्यक्ष से भी सलाह नहीं ली। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने भी इसे हिटलरशाही बताया है। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट क्षेत्र में मुख्य बाजार से ज्यादा व्यापारी हैं, क्षेत्र में बंगाली और देशी व्यापारियों पर बाजार का व्यापारी थोपा गया है, क्षेत्र के व्यापारियों से कोई राय नहीं ली गयी। मामले में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजू भुड्डी का कहना था कि काफी समय से रुद्रपुर व्यापार मंडल को दो भागों में विभाजित करने की मांग उठ रही थी, जिसपर उन्होंने दो भागों में विभाजित कर उत्तरी मंडल का सुनील को अध्यक्ष बनाया है,तीन माह बाद चुनाव कराया जायेगा। मुख्य बाजार के व्यापारी को ट्रांजिट कैंप का अध्यक्ष बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह उनका अधिकार है।

## पेज एक का शेष...

**आढती से ..**दिए। लेकिन कंपनी की ओर से माल की सप्लाई नहीं की गई है और ना ही उसकी पेमेंट लौटाई जा रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**साईबर ठगो ने ..**टाइम के लिए फ्री बन जाएगा। इसके बाद उसने व्हाट्स् एप पर कॉल करने की बात कही। इसके बाद उसने प्ले स्टोर से एक एपलीकेशन डाउनलोड करने के साथ ही उस पर सइप अप भी करवाया। क्रेडिट कार्ड की लॉग इन करवाई तो उसके खाते से डेढ़ लाख रूपए कटने का मैसेज आ गया। पीड़ित का कहना है कि उसने उसके खाते से 2 लाख 62 हजार रूपए की नगदी निकाल ली।

**पेपर मिलकर्मी के..** मिलकर्मी पंकज कुमार ने बताया कि गति दिवस जब वह ड्यूटी गया था इसी दौरान घात लगाए अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर कमरे में राखी पांच हजार की नगदी के अलावा गैस सिलेंडर समेत जरूरी सामान पर हाथ साफ कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**डेढ़ किलो चरस...** गिरफ्तार अभियुक्त पिछले कई सालों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया गया कि वह यह चरस अपने गांव के ही व्यक्ति से खरीद कर हल्द्वानी काठगोदाम क्षेत्र में छात्रों को बेचने जा रहा था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना खन्स्यू में अभियोग पंजाकृत कराया गया है। पकड़ने वाली एएनटीएफ कुमायूँ युनिट की टीम में निरीक्षक पवन स्वरूप, उनि विपिन चंद्र जोशी, अउनि जगबीर शरण, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह, संजय कुमार, वीरेंद्र चौहान, इसरार अहमद व जितेंद्र कुमार शामिल थे।

**हादसे में घायल..**देवरिया में संदिग्ध परिस्थितियों में एक गन्ने के खेत में गंभीर रूप से घायलावस्था में पड़े मिले थे। दोनों महेन्द्रा कम्पनी लालपुर में काम करते थे। उनकी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 ए वाई 5278 घटनास्थल से कुछ दूरी पर गिरी पाई गई थी। जिनमें रिंकू का सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में उपचार चल रहा था जबकि राजेश यहां एक निजी चिकित्सालय में भर्ती है। गत मध्य रात्रि रिंकू ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजन उसके शव को यहां लाये। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक रिंकू के तीन मासूम बच्चे हैं।

**पाटल और फावड़ा...**बाद तीनों युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने गोमा सिंह की तहरीर पर तीनों युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक विजय कुमार को सौंप दी है।

# रोडवेज चालक काम पर लौटे

लोहाघाट(उद संवाददाता)। हिट एंड रन कानून वापस लेने के सरकार के आश्वासन के बाद जहां बुधवार को रोडवेज के लोहाघाट डिपो के वाहन चालकों के ड्यूटी पर लौटने से जनता ने राहत की सांस ली तो वही उत्तराखंड परिवहन निगम के लोहाघाट डिपो को 2 दिन के भीतर लगभग 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान भी उठाना पड़ा है बुधवार को रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के लोहाघाट डिपो के अध्यक्ष जगदीश जोशी ने बताया केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून को वापस लेने का आश्वासन देने के बाद रोडवेज के वाहन चालकों



ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है जिस कारण बुधवार से लोहाघाट से रोडवेज बसों का संचालन शुरू हो गया वही आज लोहाघाट से सभी बस सेवाएं अपने निर्धारित समय पर संचालित हुई बस व टैक्सी सेवाएं शुरू होने से यात्रियों के साथ-साथ परिवहन निगम ने भी राहत की सांस ली है मालूम हो हिट एंड रन कानून के विरोध में पिछले दो दिनों से वाहन चालक हड़ताल पर चले गए थे जिस कारण जनता को भारी दिक्कत होगा सामना करना पड़ा था।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर आंदोलन शुरू

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधानसभा के अंतर्गत केलाखेड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी, मशीनों का नवीनीकरण, स्टाफ की कमी सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर सांकेतिक धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में रिक्त पड़े चिकित्सकों के पद जल्द भरे जाने की भी मांग की। आम आदमी पार्टी के जिला



अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि क्षेत्र में हो रही परेशानियों को आम आदमी पार्टी नहीं देख सकती वह आगे भी जनता के लिए लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं पर्याप्त नहीं मिलने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिससे मरीजों को दूसरी जगह रेफर कर दिया जाता है उसमे कभी-कभी मरीज बच भी नहीं पाता है। उन्होने बताया कि कल 4 जनवरी का सांकेतिक धरना प्रदर्शन गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर होगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'कन्यादान' से पहले करें 'विद्यादान' : धामी

## च्येलि ब्यारयूं कौतिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कपकोट के शिल्पकारों के साथ बुनी रिंगाल की टोकरी
## आत्म निर्भर भारत अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों की बहनें प्रत्येक क्षेत्र में कर रही हैं अभूतपूर्व योगदान







कपकोट(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कपकोट, बागेश्वर में आयोजित चेलि ब्वारयूं कौतिक (मातृशक्ति उत्सव) कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने 9976.48 लाख की कुल 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 1887.07 लाख की 11 योजनाओं का लोकार्पण एवं 8089.41 लाख की 26 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरित भी किए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न घाटियों में निर्मित हस्तशिल्प और हस्तकला उत्पादों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी तांबे के बर्तन में कलाकृतियां एवं रिंगाल की टोकरी भी बनाई। उन्होंने सशक्त मातृशक्ति सशक्त उत्तराखंड के तहत मातृशक्ति का पूजन भी किया। शहीदों की वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया । साथ ही साहसिक पर्यटन, आपदा प्रबन्धन गतिविधियों का भी अवलोकन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। हजारों की संख्या में मौजूद जनता का अभिनंदन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा बागनाथ की पावन भूमि को नमन किया। उन्होंने कहा चेलि ब्यारयूं कौतिक कार्यक्रम में अपार संख्या में उपस्थित सभी माताओं एवं बहनों को प्रणाम करता हूं। बागेश्वर जिले हेतु 99 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, बागेश्वर जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी एवं आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने रैली एवं कार्यक्रम में जनता द्वारा दिए गए सम्मान के प्रति सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण में मातृ शक्ति के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मातृ शक्ति अपने परिवार के साथ ही समाज और प्रदेश हितों का भी ख्याल रखती हैं। मातृ शक्ति के सहयोग से ही समाज और राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव है। परिश्रम और मातृ शक्ति एक दूसरे के पूरक हैं। राष्ट्र की मातृ शक्ति शिक्षित होने से उस राष्ट्र का वर्तमान एवं भविष्य सुरक्षित रहता है। वहीं बेटियां अपने ज्ञान से दो-दो घरों को प्रकाशित करती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ''कन्यादान'' करना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है, परंतु हम सभी 'कन्यादान' से पहले 'विद्यादान' भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल तथा प्रदर्शित किए उत्पाद,यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए ''आत्मनिर्भर भारत" के मंत्र को धरातल पर उतारने का काम किया हैं। आज देशभर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, उत्तराखंड में भी महिला स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। राज्य सरकार प्रदेश में महिलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कार्य किए हैं। जिसके परिणाम सबको दिखने लगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जो नए भारत की शानदार तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''सुविधा के साथ सुरक्षा भी'' का सिद्धांत अपनाकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में गांव-गांव में महिलाओं को घर, शौचालय, गैस, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया जा रहा है, बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और दूसरी आवश्यक जरूरतों पर भी सरकार पूरी संवेदनशीलता से निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी योजना, नंदा गौरा मातृवंदना योजना और महिला पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं। प्रदेश की जनता की आवश्यक एवं हितों में जो भी कदम हों, बिना देरी के उठाएं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू करने के साथ ही धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया, प्रदेश में पहली बार बड़े स्तर पर सरकारी भूमि में हुए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी निरंतर कार्रवाई जारी है। राज्य सरकार उत्तराखंड में समान नागरिक आचार संहिता को भी लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप हम राज्य के विकास और कल्याण के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने 'विकल्प रहित संकल्प' को पूर्ण करने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। उत्तराखण्ड में बाहरी व्यक्तियों द्वारा कृषि और उद्यान के नाम पर धड़ल्ले से जमीन खरीदने पर राज्य सरकार ने अंतरिम रोक लगाई है। उन्होंने कहा यह रोक भू माफियाओं एवं गलत नीयत से जमीन खरीदने वालों पर लगी है। यदि कोई व्यवसाय उद्योग एवं किसी अन्य स्टार्टअप के लिए जमीन खरीदेगा, जिससे यहां के स्थानीय लोगों को फायदा मिले, तो उसका उत्तराखंड में स्वागत है। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर है। हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर समिति के तहत दुनिया भर से उद्योग जगत के लोगों को उत्तराखंड में बुलाया गया। आज उत्तराखंड के प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं स्वयं सहायता समूह से महिलाओं को रोजगार दिया जा रहा है। विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि पहली बार कपकोट क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए हैं। विभिन्न घाटियों से भी बढ़-चढ़ के लोगों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड राज्य एवं बागेश्वर जनपद निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी कपकोट क्षेत्र की प्रत्येक मांग को पूर्ण प्राथमिकता से लेते हैं। उन्होंने कहा क्षेत्र के विभिन्न स्थानो में खेल मैदान, चिकित्सालय में डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी के सामने क्षेत्र की जो भी मांग रखी है वह पूरी हुई है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव,विधायक बागेश्वर पार्वती दास, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल,भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, वीरेंद्र वल्दिया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे, अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, उप जिलाधिकारी मोनिका, अनुराग आर्या, ब्लॉक प्रमुख गोविन्द दानू, पुष्पा देवी, हेमा बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा, बिक्रम शाही, सुरेश खेतवाल, कुंदन परिहार, संजय परिहार, घनश्याम जोशी, राजेन्द्र राठौर सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं आम जनता मौजूद रही।







# सीएम ने किया 9976.48 लाख की विभिन्न 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## सीएम धामी ने की कपकोट में अपर जिला चिकित्सालय और बागेश्वर में नशा मुक्ति केंद्र बनाने की घोषणा

कपकोट। कपकोट में आयोजित मातृ शक्ति उत्सव (चेली बवारयूं कौतिक) में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने निम्न घोषणाएं की।' 1- नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना जनपद बागेश्वर में की जाएगी।2- बागनाथ मंदिर बागेश्वर के संग्रालय में 90 प्रतिमाओं की स्थापना का कार्य किया जाएगा।3-बदियाकोट कर्मी तलाई में 100 एमपी गोदाम तथा आवासीय भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा।4-विधानसभा क्षेत्र कपकोट क्षेत्रान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट को अपर जिला चिकित्सालय बनाया जाएगा। 5-शामा के मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण भी सामा में किया जाएगा।6-जनपद बागेश्वर के भराड़ी मल्टी पार्किंग,अन्य सभी प्रस्ताव भी जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए और आदर्श उत्तराखंड बनाने के लिए हमारा जनपद आदर्श बने। 7- सरयू के मूल स्थान को पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर जिले के लिए 9976.48 लाख की 11 योजनाओं का लोकार्पण एवं 26 योजनाओं का शिलान्यास किया। जिन 11 योजनाओं का लोकार्पण किया उनमें विधानसभा बागेश्वर अंतर्गत ओखलीसिरोद पेयजल योजना 101.55 लाख, मजकोट पेयजल योजना 189.27 लाख, गरूड़ मटेना जिनखोला बण्ड मोटर मार्ग निर्माण 161.65 लाख, गरूड ब्लॉक से मटेना जिनखोला मोटर मार्ग में स्टील गर्डर पुल निर्माण 246.08 लाख, ग्राम बिलौनासेरा में महर्षि स्कूल के समीप बाढ सुरक्षा कार्य 163.55 लाख, भनारतोली नलकूप 95.12 लाख, तालड लिफ्ट सिंचाई योजना 121.45 लाख तथा कपकोट विधानसभा अंतर्गत खेमिला को ग्राम गुंठी व नामतीचेटाबगड से जोडने के लिए गुंठी नाले में 42 मीटर स्पान स्टील गर्डर पैदल सेतु निर्माण कार्य



192.47 लाख, सोराग के किमी नौ में 63 मीटर स्पान ब्रिज मोटर मार्ग 177.98 लाख, फरसाली से खर्ककानातोली मोटर मार्ग स्टेज-2 कार्य 281.06 लाख, बागेश्वर-कपकोट-तेजम मोटर मार्ग के किमी0 33 से किरोली मोटर मार्ग स्टेज-2 कार्य 156.89 लाख सम्मिलित है। वहीं जिन 26 योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें विधानसभा बागेश्वर अंतर्गत ओखलसों बैंड से खबडोली मोटर मार्ग में डामरीकरण कार्य 224.62 लाख, जिन्तोली-सलखन्यारी मोटर मार्ग के किमी एक से दो में पुन: निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य 124.36 लाख, गुरना से नैनीउडियार तक मोटर मार्ग में डामरीकरण 252.12 लाख, कौसानी ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना 2318.35 लाख, पचना लिफ्ट सिंचाई योजना 143.20 लाख, रामपुर लिफ्ट सिंचाई योजना 143.90 लाख, चौरसों लिफ्ट सिंचाई योजना 176.67 लाख, अणा लिफ्ट सिंचाई योजना 198.04 लाख, घिरतौली लिफ्ट सिंचाई योजना 105.47 लाख, खडेरिया लिफ्ट सिंचाई योजना 129.49 लाख, नरग्वाडी लिफ्ट सिंचाई योजना 133.54 लाख, किरपूत लिफ्ट सिंचाई योजना 101.00 लाख, सीमखेत लिफ्ट सिंचाई योजना 169.27 लाख, दाडीमखेत लिफ्ट सिंचाई योजना 119.79 लाख तथा विधानसभा कपकोट अंतर्गत भयू गुलेर मोटर मार्ग से गुलम परगाड मोटर मार्ग के किमी एक में 42 मीटर स्टील गर्डर पुल निर्माण 260.85 लाख, मुनार-गासी मोटर मार्ग में स्टील गर्डर पुल निर्माण 479.43 लाख, मिखिला खलपट्टा मोटर मार्ग में स्टील पुल निर्माण 280.95 लाख, रिखाडी-बाछम-खाती मोटर मार्ग स्टील गर्डर पुल निर्माण 200.8 लाख, रेखाडी बाछम से सोराग मोटर मार्ग में स्टील गर्डर पुल निर्माण 410.12 लाख, शंभु नदी में बदियाकोट से कुवारी मोटर मार्ग में स्टील गर्डर पुल निर्माण 244.69 लाख, बदियाकोट- बोरबलडा मोटर मार्ग में स्टील गर्डर पुल निर्माण 131.32 लाख, बदियाकोट से बोरबलडा मोटर मार्ग पर स्टील गर्डर पुल निर्माण कार्य 201.33 लाख, खडलेख-भनार मोटर मार्ग उच्चीकरण 492.20 लाख, बागेश्वर-कपकोट मोटर मार्ग से बेडा पाकड़ मोटर मार्ग उच्चीकरण 500.55 लाख, धरमघर-सनगाड मोटर मार्ग उच्चीकरण 388.71 लाख तथा कांडा सिमकुना घटवरिया मंदिर, नंदा देवी मंदिर दोफाड, अलखनाथ मंदिर किलपारा एवं बज्यैण मंदिर ढाई ईजर के कार्यों का सौन्दर्यकरण 158.64 लाख शामिल है।